आकाशवाणी श्री विजयपुरम

22.01.2026 समय : 1905

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल केरल में पी एम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने के साथ–साथ एक लाख लाभार्थियों को ऋण वितरित करेंगे।
- प्रगति मंच के माध्यम से जल भाक्ति मंत्रालय ने लम्बित सिंचाई परियोजनाओं के मुद्दों का समाधान किया।
- द्वीप समूह में पच्चीस जनवरी को सोलहवां राष्ट्रीय मतदाता दिवस टी जी सी सभागार में मनाया जाएगा।
- जिला बाल संरक्षण इकाई के सहयोग से छात्रों को परीक्षा संबंधी तनाव से दूर रखने के लिए परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी कल केरल का दौरा करेंगे। वे सुबह विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और जनसमूह को संबोधित करेंगे। ये परियोजनाएं रेल संपर्क, शहरी आजीविका, विज्ञान और नवाचार, लोक–केंद्रित सेवाएं और उन्नत स्वास्थ्य सेवा जैसे प्रमुख क्षेत्रों से संबंधित हैं। रेल नेटवर्क को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री चार नई रेल सेवाओं को झंडी दिखाएंगे, जिनमें तीन अमृत भारत एक्सप्रेस और एक नई यात्री ट्रेन शामिल हैं। इसके माध्यम से केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के बीच लंबी दूरी और क्षेत्रीय संपर्क बेहतर होगा, जिससे पर्यटन, व्यापार और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।प्रधानमंत्री शहरी आजीविका सुदृढ़ करने के लिए पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड लॉन्च करेंगे और एक लाख लाभार्थियों को पीएम स्वनिधि ऋण भी वितरित करेंगे। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में वे श्री चित्रा तिरुनल आयुर्वेद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में अत्याधुनिक रेडियोसर्जरी केंद्र की आधारशिला रखेंगे। साथ ही, प्रधानमंत्री पूजप्पुरा स्थित नए डाकघर का उद्‌घाटन करेंगे।

<><><><><><><>

जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा पुनर्जीवन विभाग देश में सिंचाई क्षमता को मजबूत करने और जल प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रगति अर्थात् प्रो–एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन मंच का सक्रिय रूप से उपयोग कर रहा है। इस मंच के माध्यम से जटिल और दीर्घकाल से लंबित परियोजनाओं की उच्च स्तर पर समीक्षा कर समयबद्ध निर्णय और क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार, वर्तमान में तिरानबे प्रमुख सिंचाई और जल संसाधन परियोजनाएं प्रधानमंत्री गति शक्ति (पीएमजी) प्रणाली पर पंजीकृत हैं, जिनकी कुल अनुमानित लागत लगभग दो द□ामलव आठ छह लाख करोड़ रुपये है। इनमें से चवालीस परियोजनाएं प्रारंभ हो चुकी हैं, जिन पर चवालीस हजार एक सौ बाइस द□ामलव नौ चार करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। शेष उनचास परियोजनाएं, जिनकी लागत लगभग दो द□ामलव चार दो लाख करोड़ रुपये है, विभिन्न चरणों में निर्माणाधीन हैं। कुल 10 परियोजनाओं की समीक्षा प्रगति मंच पर प्रधानमंत्री स्तर पर की गई है। इन परियोजनाओं से संबंधित एक सौ छब्बीस प्रमुख मुद्दों की पहचान की गई थी, जिनमें से 106 का समाधान कर लिया गया है। महाराष्ट्र की बेम्बला सिंचाई परियोजना प्रगति मंच की प्रभावशीलता का प्रमुख उदाहरण है। यवतमाल जिले के सूखा प्रभावित क्षेत्रों में सिंचाई कृषि उत्पादन और किसानों की आय में वृद्धि की उम्मीद है।

<><><><><><><>

भारत निर्वाचन आयोग के निर्णय के अनुसार प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। मुख्य समारोह 25 जनवरी को सुबह साढ़े दस बजे राजधानी श्री विजयपुरम स्थित टैगोर गवर्नमेंट कॉलेज के सभागार में आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्य सचिव डॉ. चन्द्रभूशण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान

लोकतांत्रिक प्रक्रिया में मतदाताओं की भूमिका और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

<><><><><><>

शिक्षा निदेशालय ने **The Art of Living** के सहयोग से श्री विजया पुरम, वी आई पी रोड स्थित टीचर्स होम में आज से तीन दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम शुरू किया। यह कार्यक्रम सुबह पांच बजे से सात बजे तक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन शिक्षा एवं खेल निदेशक विक्रम सिंह ने किया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए बताया कि मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन और सकारात्मक दृष्टिकोण शिक्षकों की कार्यक्षमता और प्रदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस कार्यक्रम में लगभग 50 शिक्षक विभिन्न स्कूलों से शामिल हुए। शिक्षकों ने रविंदर राव और प्रिया मेनन के मार्गदर्शन में सुदर्शन क्रिया का अभ्यास किया।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन के जिला बाल संरक्षण इकाई के सहयोग से पिछले दिनों सेवा निकेतन, डेयरी फार्म में 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए आयोजित किया गया, जो इस शैक्षणिक वर्ष में बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को परीक्षा तनाव से उबरने में मदद करना, प्रभावी तैयारी की रणनीतियाँ साझा करना और परीक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना था। मुख्य अतिथि, स्वामी भाुद्धानंद चिन्मय ने छात्रों को आत्मविश्वास बनाए रखने, भय को दूर रखने और मानसिक स्थिरता बनाए रखने पर बल दिया।

<><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय ने हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पुस्तकालय के सहयोग से मंगलवार को लेक्चर गैलरी में "शोधकर्ताओं के लिए ओ आर सी आई डी जागरूकता" विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम में अठहत्तर छात्र एवं शिक्षक शामिल हुए। इस कार्यकम में शोध कार्यों की वैश्विक दृश्यता बढ़ाने में पुस्तकालयों की भूमिका पर बल दिया गया। इसके साथ ही ओआरसीआईडी पंजीकरण का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पर्ल देवदास ने कार्यक्रम की सराहना की।

<><><><><><>

विद्युत विभाग ने जानकारी दी है कि 24 जनवरी को दक्षिण अंडमान के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से निलंबित रहेगी। यह व्यवधान सिप्पीघाट साइट कार्यालय के अधिकार क्षेत्र में जोडाकनाल काली मंदिर के समीप क्षतिग्रस्त आरसीसी पोल को बदले जाने तथा बैम्बूफ्लैट स्थित आईपीपी गेट पर पेड़ की कटाई के कारण होगा। विद्युत विभाग के अनुसार, निर्धारित कार्य सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक टाइगर फीडर, आउटर फीडर, भाोल बे फीडर और होपटाउन फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र कार्य की वजह से प्रभावित रहेंगे।

<><><><><><>

खेलो इंडिया योजना के तहत श्री विजया पुरम, नेताजी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में विभिन्न पदों पर अनुबंध आधारित भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ये पद चार वर्षों की अवधि के लिए होंगे। भर्ती के तहत प्रमुख पदों में मैनेजर, बैडमिंटन, साइक्लिंग और स्विमिंग के हेड कोच, फिजियोथेरेपिस्ट, मस्साजर, न्यूट्रिशनिस्ट, स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग एक्सपर्ट तथा यंग प्रोफेशनल शामिल हैं। आवेदन डाक द्वारा खेल एवं युवा निदेशालय के कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया विभाग की आधिकारिक वेबसाइट **sports.andamannicobar.gov.in** और राज्य पोर्टल **andamannicobar.gov.in** पर उपलब्ध हैं। आवेदन की अंतिम तिथि सोलह फरवरी है।

<><><><><><>

लक्ष्मी नारायण मेला को देखते हुए उत्तरी अंडमान के डिगलीपुर स्थित तालबगान गांव के समीप स्थित घने जंगल में अवैध शराब बनाए जाने की सूचना पर 20 जनवरी को थाना कालीघाट पुलिस ने विशेष अभियान चलाते हुए दो स्थानों से कुल एक हजार पच्चीस लीटर अवैध लाहन जब्त किया गया। पुलिस ने सभी जब्त सामग्री को मौके पर ही नष्ट कर दिया। वन विभाग को भी सूचित करते हुए क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने का अनुरोध किया गया है। इसके साथ ही पुलिस ने आम जनता से किसी भी अवैध गतिविधि से संबंधित सूचना नजदीकी थाना या आपातकालीन नंबरों पर देने की अपील की है।

<><><><><><><>